तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 20 नवंबर 2025



11 पीएम-किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त...



12 सभी उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की शुरुआत ...






# निजी भूमि में पौधारोपण, किसानों के रोजगार का बनेगा साधन

**सागौन, बांस, मिलिया डुबिया, क्लोनल नीलगिरी, चंदन और फलदार प्रजातियों के पौधे उपलब्ध कराए जाएंगे**

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा संचालित किसान वृक्ष मित्र योजना किसानों के लिये पौधारोपण से स्वरोजगार प्राप्त करने का सुनहरा अवसर देता है। योजना का लाभ लेने के इच्छुक कृषक अपनी भूमि का बी-1 खसरा नंबर की प्रति, आधार कार्ड की छायाप्रति संलग्न कर 25 नवम्बर तक संबंधित परिक्षेत्र कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं।

### ये करेंगे सहायता प्रदान

योजना से संबंधित सहायता के लिए परिक्षेत्र बलौदाबाजार के परिक्षेत्र अधिकारी बसंत खांडेकर, सोनाखान परिक्षेत्र के दीपक कौशिक, अर्जुनी परिक्षेत्र के रूपेन्द्र साहू, देवपुर परिक्षेत्र के संतोष कुमार पैंकरा तथा बल्दाकछार परिक्षेत्र के गीतेश कुमार बंजारे योजना से संबंधित सभी प्रकार की सहायता प्रदान करेंगे।



### सहायता दी जाएगी 50 प्रतिशत तक

इस योजना में कृषकों को विशेष सुविधा प्रदान की गई है जिसके तहत 5 एकड़ तक के क्षेत्र में फेंसिंग, सिंचाई और पौधारोपण पर 100 प्रतिशत सहायता उपलब्ध होगी, जबकि 5 एकड़ से अधिक भूमि पर 50 प्रतिशत तक सहायता दी जाएगी। योजना के विशेष मॉडलों में सहयोगी संस्थाओं की भागीदारी भी सुनिश्चित की गई है। यह योजना न केवल किसानों की आय बढ़ाने में सहायक है बल्कि ग्रामीण स्तर पर रोजगार सृजन, भूमि संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन के लिए भी महत्वपूर्ण कदम है।

वनमण्डलाधिकारी धम्मशील गणवीर ने जिले के सभी कृषकों से इस योजना का अधिकतम लाभ लेंकर पर्यावरण संरक्षण के साथ कृषि वानिकी को स्वरोजगार का साधन बनाने की अपील की है। योजना के अंतर्गत किसानों की निजी भूमि पर टिशू कल्चर सागौन, बांस, मिलिया डुबिया, क्लोनल नीलगिरी, चंदन, तथा फलदार प्रजातियों सहित कई मूल्यवान पौधे उपलब्ध कराए जाएंगे। विभाग द्वारा पौधों की उपलब्धता के साथ तकनीकी मार्गदर्शन, रोपण सहायता और आगे चलकर बायबैक की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जाएगी जिससे किसानों को भविष्य में निश्चित बाजार और स्थिर आय प्राप्त होगी।

## खबर संक्षेप

### 25 से 28 तक होगा ग्रामसभा का आयोजन

**बलौदाबाजार।** पंचायत संचालनालय छत्तीसगढ़ के निर्देश पर कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा 25 से 28 नवम्बर से जिले के प्रत्येक ग्राम में ग्रामसभा का आयोजन करने आदेशित किया गया है। ग्रामसभा में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हो इस हेतु वृहद् प्रचार प्रसार करने कहा गया है। उक्त ग्रामसभा में शत-प्रतिशत उपस्थिति एवं गणपूर्ति सुनिश्चित कराने का दायित्व संबंधित सचिव, सरपंच एवं पंचों को दिया गया है।

### उपभोक्ता आयोग ने दिलाई वाहन की बीमा क्षतिपूर्ति राशि

**बलौदाबाजार।** बीमा कंपनी द्वारा वाहन की क्षतिपूर्ति राशि प्रदाय नहीं किये जाने के मामले में उपभोक्ता आयोग द्वारा बीमा कंपनी को एक ही आवेदक के दो भिन्न प्रकरण में प्रथम मामले में राशि 2,72,571 रुपये एवं द्वितीय मामले में राशि 4,09,000 रुपये व अन्य व्यय प्रदाय किये जाने का आदेश पारित किया है। जानकारी के अनुसार सिमगा निवासी राजेश देवांगन द्वारा अपनी दो टाटा मिनी बस का बीमा अनावेदक न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड सिमगा रायपुर से कराया था। आगजनी की दुर्घटना में वाहन के क्षतिग्रस्त होने पर आवेदक द्वारा दावा अनावेदक के पास प्रस्तुत किया गया, परंतु अनावेदक ने वाहन की फिटनेस समाप्त होने व अन्य आधार पर दावा को निरस्त कर दिया। आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार में दोनों वाहन संबंधी दो भिन्न प्रकरण प्रस्तुत किया गया। आयोग के अध्यक्ष छमेश्वर लाल पटेल व सदस्यगण हरजीत सिंह चावला एवं शारदा सोनी ने मामले की सुनवाई एवं दस्तावेजों का सूक्ष्म अध्ययन किया गया। अनावेदक द्वारा आवेदक के दावे का समुचित निराकरण न करते हुए वाहन की क्षतिपूर्ति राशि प्रदान न कर सेवा में कमी पाया गया। अतः अनावेदक न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड सिमगा रायपुर को प्रथम प्रकरण में वाहन की क्षतिपूर्ति राशि 2,72,571 रुपये व द्वितीय मामले में वाहन की क्षतिपूर्ति राशि 4,09,000 रुपये तथा पृथक-पृथक आर्थिक व. मानसिक क्षति हेतु 10 हजार रुपये तथा बाद व्यय हेतु 5 हजार प्रदाय किये जाने का निर्णय सुनाया है।

### सतनामी समाज ने जारी की चुनाव की अधिसूचना

**बिलाईगढ़।** प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज, विकासखंड बिलाईगढ़ के संगठनात्मक चुनावों की अधिसूचना आधिकारिक रूप से जारी कर दी गई है। इस बार चुनाव प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए पूरे विकासखंड को तीन परिक्षेत्रों में विभाजित किया गया है बिलाईगढ़, भटगांव और सरसींवा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार- बिलाईगढ़ परिक्षेत्र में मतदान 22 नवंबर को, भटगांव परिक्षेत्र में 23 नवंबर को, सरसींवा परिक्षेत्र में 25 नवंबर को, वहीं पूरे बिलाईगढ़ विकासखंड का मुख्य चुनाव 30 नवंबर को संपन्न कराया जाएगा।

**कार्रवाई : सीसीटीवी फुटेज से पहचाने गए आरोपी**

# लूट और चाकूबाजी की वारदातों का खुलासा : 6 बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में लगातार लूट और चाकूबाजी की वारदातों का पुलिस ने खुलासा किया है। थाना सिटी कोतवाली, पलारी और साइबर सेल की संयुक्त कार्रवाई में 6 शातिर बदमाश गिरफ्तार किए गए हैं। दबोचे गये आरोपियों में याशुदास मानिकपुरी 22 साल ग्राम कोसमसरा कसडोल, प्रवीण भाट 18 साल ग्राम मगरचबा, ऋतुराज यादव 19 साल निवासी ग्राम मगरचबा और ऋषभ पैकरा 21 वर्ष निवासी ग्राम मगरचबा थाना सिटी कोतवाली, राहुल ध्रुव 19 साल निवासी गोडपारा वार्ड 17 महासमुंद और कुलेश्वर धींवर 21 वर्ष निवासी गोडपारा वार्ड 17 महासमुंद थाना सिटी कोतवाली महासमुंद शामिल हैं।

विदित हो कि 13 और 15 नवंबर को रोहांसी–खपरी नाला, घोटिया, कुसमी और मगरचबा क्षेत्र में मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने चाकू के बल पर लूट और जानलेवा हमले किए, जिसमें कई लोग घायल हुए। ये बदमाश सुनसान जगह पर राजगीरों से पैसे लूट लेते थे और इन्हें चाकू मार कर घायल भी कर देते थे।

बलौदाबाजार पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपियों की पहचान की और दबिश देकर उन्हें पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने कसडोल, पलारी और आसपास के क्षेत्रों में की गई अन्य चाकूबाजी–लूट की घटनाओं को कबुल कर लिया। पुलिस ने इनके पास से 2 चाकू, 4 मोबाइल, एक बाइक और 3720 रुपये नगद बरामद किया है। सभी आरोपियों के खिलाफ संगठित अपराध, जिलाबदर और गैंग हिस्ट्रीशीट की कार्रवाई शुरू की गई है।



### दिनदहाड़े लूट-चाकूबाजी को देते थे अंजाम

कुछ सप्ताह पूर्व ही बलौदाबाजार जिले में चाकूबाजी और लूट की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। गुरुवार को महज एक घंटे के भीतर हुई दो वारदातों ने क्षेत्र में दहशत का माहौल बना दिया है और लोगों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं।

### ट्रैक्टर चालक पर हमला कर 700 रुपए लूटे

पहली घटना दोपहर करीब 2.30 बजे पलारी थाना क्षेत्र के ग्राम कुसमी के पास हुई, जब यहां ट्रैक्टर चालक शत्रुघ्न कुमार बघेल निवासी कोडापार अपनी फसल कृषि उपज मंडी भाटापारा में बेचकर ट्रैक्टर से गांव लौट रहा था, तभी अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने उसे रोककर चाकू दिखाया और 700 रुपये लूट लिए। विरोध करने पर बदमाशों ने उसके पैर में तीन बार चाकू से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

### मजदूर को चाकू मारकर 7 हजार और मोबाइल लूटा

दूसरी घटना उसी दिन करीब 3 बजे के आसपास हुई, जब नागपुर मजदूरी के लिए जा रहे रामेश्वर नवरंगे निवासी टेमरी पर तीन अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया और 7 हजार व मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए।

# बिना सुरक्षा के मालवाहकों में बच्चों को ठूंसा गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

ब्लॉक स्तरीय सांसद खेल महोत्सव में मंगलवार को व्यवस्थाओं की ऐसी पोल खुली कि बच्चों की जान तक जोखिम में पड़ गई। स्पोर्ट्स स्टेडियम बलौदाबाजार में युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में 500 से अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया, जिसमें विभिन्न स्कूलों के छात्र शामिल थे। कार्यक्रम में रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल सहित प्रशासन के अधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम दोपहर 1 बजे शुरू होना था, परंतु घंटों की देरी के चलते समापन शाम 6 बजे के बाद हुआ। इस दौरान सर्दी बढ़ने लगी और बाहर से आए बच्चों को घर वापसी में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### बिना सुरक्षित व्यवस्था मालवाहक में ठूंसा बच्चों को

कार्यक्रम समाप्त होते ही अधिकारी वहां से रवाना हो गए, लेकिन बच्चों के लिए सुरक्षित परिवहन की कोई व्यवस्था नहीं छोड़ी गई। मजबूरन साथ आए शिक्षकों ने मालवाहक लोडिंग वाहनों में 30–40 बच्चों को ठूंसकर भेजा। कई बच्चे ठंड से कांपते देखे गए।

अभिभावकों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों को खेल प्रतियोगिता में सम्मान पूर्वक बुलाया गया, लेकिन वापसी में उपेक्षा और खतरे का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों और अभिभावकों ने सवाल उठाए कि इतने बड़े आयोजन में बच्चों की सुरक्षा को लेकर इतनी गंभीर चूक कैसे हो सकती है?

# घर में आगजनी कांड के दो दोषियों को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत भैंसा पसरा वृद्धाश्रम के पास पिछले वर्ष 24 फरवरी की रात सोते हुए परिवार के घर में आग लगाने वाले दो आरोपियों को अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

घटना के अनुसार कमला साहू अपने परिवार के सदस्यों सोनू साहू उर्फ गोलू, रानू साहू और संध्या साहू के साथ घर में सो रही थी। इसी दौरान आरोपी करन बघेल उर्फ भुखऊ और दौलत सोनवानी ने घर की बाहरी कुंडी बंद कर मकान में आग लगा दी। इस हादसे में कमला साहू और सोनू साहू की जलकर मौत हो गई, जबकि रानू साहू और संध्या साहू गंभीर रूप से झुलस गए थे।

जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि आरोपी नशे के आदि थे और मृतिका के घर के सामने आए दिन गाली-गलौज करते थे। घटना वाली रात भी उन्होंने झगड़ा किया और मना करने पर आग लगाने की धमकी दी थी, जिसे उन्होंने अंजाम दे दिया।

मामले की सुनवाई द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश संजया रात्रे की अदालत में हुई। शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक अमिय अग्रवाल ने पैरवी की। साक्ष्यों और सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने धारा 120-बी, 342, 436, 302 एवं 307 भादवि के अंतर्गत अपराध सिद्ध पाए जाने पर दोनों आरोपियों को आजीवन कारावास की कड़ी सजा सुनाई।

# धरपकड़ में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारी-कर्मचारी सम्मानित





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में अपराधियों की धरपकड़ में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों का सीओपी महीने का पुलिस अधिकारी के रूप में चयनित कर सम्मान किया गया। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर किया सम्मानित किया गया। ग्राम वटगन में घटित फल विक्रेता की हत्या करने वाले आरोपियों की धरपकड़ में उल्लेखनीय योगदान देने वाले पुलिस स्टाफ शामिल है, जिसमें निरीक्षक हेमंत पटेल, प्रणाली वैद्य, सहायक उप निरीक्षक नवीन शुक्ला, राजेश सेन, आरक्षक राजेश कुमार नवरंगे, कृष्णा यादव एवं अजय यादव शामिल हैं।

# नपा ने हटरी बाजार की अवैध मांस दुकानों और अतिक्रमण पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

पिछले दिनों नगर में गौवंश के गले को काटकर मारने के प्रयास के बाद पालिका ने आरोपी पर अब बड़ा एक्शन लिया है। नगर पालिका परिषद भाटापारा के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के निर्देशानुसार, आरोपी इमरान कुरैशी द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाया गया। साथ ही हटरी बाज़ार में अवैध रूप से संचालित मांस एवं मटन की अन्य दुकानों पर भी कठोर कार्रवाई करते हुए उन्हें सील किया गया। इसी क्रम में भाटापारा शहर में संचालित चखना सेंटर एवं अन्य मांस दुकानें, जो निर्धारित नियमों का उल्लंघन कर रही थीं, उन्हें भी नियमानुसार सील किया गया।



इस अवसर पर अश्वनी शर्मा ने कहा कि नगर की जनता के हित और पशु कल्याण को सर्वोपरि रखते हुए किसी भी प्रकार के अवैध कार्य अथवा अतिक्रमण को हरगिज़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नगर पालिका परिषद भाटापारा लगातार यह सुनिश्चित कर रही है कि सभी नियमों का पालन हो तथा नागरिकों को सुरक्षित, स्वच्छ और सुव्यवस्थित वातावरण मिले।

**एसपी ने थाना व चौकी प्रभारियों की ली बैठक**

# अपराधों का करें निराकरण, एसपी की हिदायत


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने अपराधों से संबंधित समीक्षा बैठक ली। उन्होंने थाना-चौकी में लंबित अपराधों, चालान, मर्ग, शिकायतों के अविलंब निकाल के निर्देश दिए। वहीं क्षेत्र अंतर्गत नए गुंडा एवं निगरानी बदमाश के प्रकरण जल्द से जल्द खोले जाने तथा जिला बदर के प्रकरण तैयार कर अविलंब प्रेषित करने कहा।

साइबर पुलिस पोर्टल, एनसीआरबी से प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित हल निकालने, ऑनलाइन पोर्टल ई-साक्ष्य, त्रिनयन, मेडलीपार एवं सीसीटीएनएस अंतर्गत संचालित समस्त पोर्टल में शत प्रतिशत एंट्री करने की हिदायत दी गई। इसी तरह सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा करते हुए इनकी रोकथाम और अधिक कारगर उपाय कर, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों का लाइसेंस निलंबन कर कार्रवाई करने कहा गया। इस दौरान उन्होंने ग्राम चरोटी में घटित तेजस्विनी पटेल हत्याकांड एवं थाना पलारी क्षेत्र अंतर्गत लूट के मामलों में अपराधियों की धरपकड़ में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारी और कर्मचारियों को किया गया सम्मानित किया।



समीक्षा बैठक में अभिषेक सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, तारेश साहू एसडीओपी भाटापारा, निधि नाग एसडीओपी बलौदाबाजार, राजेश श्रीवास्तव उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय, तुलसी लेकाम उप पुलिस अधीक्षक, अपूर्वा क्षत्रिय उप पुलिस अधीक्षक अजाक, समस्त थाना एवं चौकी के प्रभारी, पुलिस कार्यालय के स्टाफ उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### सहकारी महिला समिति की हुई आम सभा

**महासमुंद।** धनश्री बहुउद्देशीय सहकारी महिला समिति की पांचवीं आमसभा ब्लेलॉक स्कूल में रखी गई। लक्ष्मी माता एवं सरस्वती माता की प्रतिमा में पुष्पमाला अर्पण कर एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष अनीता जी रावटे, उपाध्यक्ष अरुणा शुक्ला, संस्थापक प्रीति शर्मा, सती साहू, किरण सिंघल, नंदा रंगारी एवं बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थी। इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में विशेष योगदान देने के लिए वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी सम्मान प्राप्त करने वाली प्रेमशीला बघेल को स्मृति चिन्ह एवं पौधा भेंटकर उनका सम्मान किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में बताया कि कैसे संघर्ष से वे आगे बढ़े और महिलाओं को भी आगे आने के लिए प्रेरित किया। कुमकुम शुक्ला, पद्मनी साहू एवं चंद्रकला साहू द्वारा मनमोहक गीत एवं भजन प्रस्तुत किया गया। अध्यक्ष अनीता जी रावटे ने अपने उद्बोधन में धनश्री महिला समिति में हुए आय व्यय का विवरण दिया एवं महिलाओं को आत्म निर्भर बनने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि यदि महिलाएं चाहें तो छोटे छोटे व्यवसाय कर घर से ही अपना कार्य प्रारंभ कर सकती है। सती साहू सर्व सम्मति से नई अध्यक्ष चुनी गई। उन्होंने महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के विषय में चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन डॉली शर्मा एवं आभार प्रदर्शन अरुणा शुक्ला ने किया।

### ढाबा में चोरी, शटर को सब्बल से मोड़कर घुसे चोर

**कुरुद।** क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं ने आम नागरिकों और व्यापारियों में दहशत का माहौल बना दिया है। सोमवार की रात कुरूद बस स्टैंड स्थित देवेंद्र ढाबा में चोरी हुई। अज्ञात चोरों ने शटर को सब्बल से मोड़कर बड़ी वारदात को अंजाम दिया। ढाबा संचालक के अनुसार लगभग 40 हजार रुपये की चोरी हुई है।

# गौधाम के लिए प्रस्तावित भूमि का आयोग ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेल

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा निराश्रित घुमंतु तथा छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम के तहत गौवंशों के संरक्षण संर्वधन एवं विस्थापन के लिए गौधाम योजना की शुरूआत की गई है। गौधाम योजना अंतर्गत ऐसी शासकीय भूमि जिसमें सुरक्षित बाड़ा पशु शेड पर्याप्त पानी की सुविधा, बिजली तथा हरा चारा उत्पादन हेतु चारागाह की भूमि की सुविधा होगी। उसमें जिला प्रशासन के प्रस्ताव पर छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग की स्वीकृति उपरांत चयनित संस्था को गोधाम की स्थापना हेतु स्वीकृति प्रदान की जाएगी। इसके तहत गौ सेवा आयोग विकासखंड कसडोल द्वारा प्रस्तावित गौ धाम का निरीक्षण का काम लगभग पूरा कर लिया गया है। समिति द्वारा सभी गौ धाम प्रस्तावित समिति के सदस्य को





राज्य सरकार द्वारा संचालित कार्य को विस्तृत रूप से जानकारी दिया गई एवं प्रस्तावित गौ धाम कसडोल छरछेद, बिलारी, कटगी, धमलपुर, कोटियाडीह, महकम, सेल, टुण्डरा, कुम्हारी का निरीक्षण किया गया।

राज्य गौ सेवा आयोग कसडोल विकासखंड अध्यक्ष सीताराम निराला ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा गौवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए गौधाम योजना का शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य घुमंतू और निराश्रित गौवंशों की देखभाल करना है। इन गौधामों में चरवाहों और गौ सेवकों की नियुक्ति भी की जाएगी और यहां चारा-पानी की व्यवस्था की जाएगी। उक्त कार्यक्रम में गौ सेवा विकासखंड अध्यक्ष सीताराम निराला, सदस्य गणेशशंकर साहू, राहुल केशरवानी, ओमप्रकाश यादव, रवींद्र मिश्रा, संपत साहू, सहित पशु चिकित्सक एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# वृद्धाश्रम में विधिक जागरूकता शिविर लगा



**मुड़पार-सरसीवां।** आशा निकेतन वृद्धा आश्रम कुधरी में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007 भरण माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों को आर्थिक, सामाजिक और भावनात्मक सुरक्षा देना। यह सुनिश्चित करना कि उनकी आवश्यकताओं की उपेक्षा न हो और परिवार या राज्य द्वारा उचित सहायता मिल सके। विधिक अधिकारियों ने शिविर में कई अधिनियम के बारे में बताए कि माता-पिता, वरिष्ठ नागरिक 60 वर्ष या उससे अधिक आयु संतान एवं वारिस, भरण-पोषण का अधिकार है। वरिष्ठ नागरिक और माता-पिता अपने बच्चों या कानूनी वारिसों से भोजन, आवास, दवा, देखभाल और दैनिक आवश्यकताओं के लिए भरण-पोषण की मांग कर सकते हैं। यदि वे स्वयं अपना पालन-पोषण नहीं कर सकते, तो संतान व वारिसों का कानूनी दायित्व है कि वे उनके सहायता करें। न्यायाधिकरण संतान एवं वारिस को हर महीने निर्धारित भरण-पोषण राशि देने का आदेश दे सकता है। अधिकतम मासिक राशि राज्य सरकार द्वारा तय सीमा तक हो सकती है। आदेश का पालन न करने पर दंड का प्रावधान है, आदेश का पालन न करने पर संतान व वारिस को तीन महीने तक का कारावास हो सकता है।

वहीं वरिष्ठ नागरिकों की संपत्ति की सुरक्षा अधिनियम के तहत यदि संतान माता-पिता की संपत्ति का लाभ ले रहे हों पर उनकी देखभाल न कर रहे हों, तो संपत्ति या उसका हिस्सा वापस लिया जा सकता है। वृद्धों के चिकित्सीय देखरेख व गंभीर बीमारियों के ईलाज सभी सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क किया जाऐगा। वृद्धाश्रम की व्यवस्था राज्य सरकार 60 वर्ष से अधिक आयु के जरूरतमंद वरिष्ठ नागरिकों के लिए वृद्धाश्रम स्थापित करती है। यहां रहने, चिकित्सा और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। शिविर में पीएलवी, नरेश कुमार थाना भटगांव, पीएलवी कामदेव अनंत थाना सरसीवा, पीएलवी रजनी निराला थाना सारंगढ़ कुल 20 व्यक्तियों में 9 पुरुष और 11 महिलाएं लाभान्वित हुईं।

# महीनों से नेटवर्क खराब, प्रकाश की पहल पर कलेक्टर ने तुरंत दिए जांच के निर्देश

## अंकोरी सहित कई गांवों में नेटवर्क संकट गहराया, सभापति सिन्हा के ज्ञापन पर प्रशासन सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

जनपद पंचायत बसना के सभापति एवं क्षेत्र क्रमांक 21 अंकोरी के जनपद सदस्य प्रकाश सिन्हा ने ग्रामीणों की गंभीर नेटवर्क समस्या को लेकर जिला कलेक्टर महासमुंद को विस्तृत ज्ञापन सौंपा था, जिसमें कई गांवों में लंबे समय से नेटवर्क पूरी तरह बाधित रहने की बात प्रमुख रूप से उठाई गई थी।

ज्ञापन में उन्होंने बताया कि जनपद क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत अंकोरी, कायतपाली, ठाकुरपाली, पलसापाली (अ), देवरी समेत आसपास के अनेक गांव लगातार कमजोर नेटवर्क से परेशान हैं। कई स्थानों पर नेटवर्क दिनों नहीं, बल्कि महीनों से बंद है, जिससे शासन की योजनाएँ, अस्पताल संबंधी सेवाएँ,



ऑनलाइन शिक्षा, बैंकिंग कार्य और राशन वितरण जैसी बुनियादी सुविधाएँ बाधित हो रही हैं। सिन्हा ने कहा कि डिजिटल युग में नेटवर्क के बिना ग्रामीण जीवन ठप हो जाता है। शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण योजनाएँ भी सही तरीके से लागू नहीं हो पा रही हैं। यह समस्या अब जनजीवन को प्रभावित करने लगी है, इसलिए इसका समाधान आवश्यक है। सभापति सिन्हा ने जिला प्रशासन की कार्रवाई पर संतोष जताते हुए कहा कि यह ग्रामीणों के हित में बहुत महत्वपूर्ण कदम है, और उम्मीद है कि जल्द ही परिणाम दिखाई देंगे।

### कलेक्टर ने की त्वरित कार्रवाई, संबंधित विभाग को दिए जांच के निर्देश

ज्ञापन मिलते ही जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने समस्या की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए बिना देरी भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के अधिकारियों को तत्काल जांच एवं तकनीकी कार्यवाही के निर्देश जारी कर दिए। कलेक्टर ने विभाग को स्पष्ट कहा है कि सभी प्रभावित गाँवों की मैदानी जाँच कर वास्तविक स्थिति की रिपोर्ट दें और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें।

### ग्रामीणों में उम्मीद की नई किरण

सिन्हा द्वारा उठाए गए इस मुद्दे और कलेक्टर की त्वरित प्रतिक्रिया से ग्रामीणों में राहत की उम्मीद बढ़ी है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि यदि नेटवर्क समस्या का समाधान हो जाता है, तो शासकीय योजनाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं बैंकिंग सेवाओं में तेजी आएगी।



### प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन का हुआ दिवाली मिलन

**महासमुंद।** प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ब्लाक महासमुंद का दीपावली मिलन का कार्यकम ज्ञान ज्योति शिशु मंदिर भलेसर रोड, में हुआ। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष जार्ज सवटे तथा संरक्षक पारस चोपड़ा उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने शाला संचालन में शासन द्वारा विभिन्न प्रकार की जानकारी बार-बार मांगे जाने तथा ऑनलाइन जानकारी भेजने के बावजूद हार्ड कापी जमा करने के आदेश पर चर्चा की गई। शासन से मांग की गई कि जब जानकारी ऑनलाइन किया जा चुका है तो हार्ड कापी जमा करने की आवश्यकता न पड़े। अनिवार्य शिक्षा की बकाया राशि तत्काल भुगतान की शासन से मांग की। अंत में संरक्षक पारस चोपड़ा, जिला अध्यक्ष डॉ जार्ज रावटे, ब्लाक अध्यक्ष माधव राव टांकसाले, जिला मंत्री राकेश श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष आरके तिवारी सभी वक्ताओं ने दीपावली सभी सदस्यों को बधाई दी तथा संस्थाओं में कार्यरत सभी कर्मचारी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में भूपेंद्र राठौर, महेंद्र जैन, प्राचार्य देवांगन, शरद जैन, संजय वासनिक, श्री राव, दुशन साहू सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे। कार्यकम का प्रारंभ सरस्वती माता के चित्र पर मालार्पण से किया गया। उपस्थित सदस्यों का स्वागत संस्था प्रभारी अंजली सिन्हा द्वारा कुमकुम लगाकर किया गया। उक्त जानकारी ब्लाक अध्यक्ष माधव राय टांकसाले ने दी।

# छात्रों व शिक्षकों को दिलाई गई नशामुक्ति की शपथ



**पिथौरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गड़बेड़ा में नशामुक्ति शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षकगण तथा विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से नशा उन्मूलन का संकल्प लिया। इस अवसर आर संकुल प्राचार्य नंद कुमार चौधरी ने नशा तथा मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों को रेखांकित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज सभी के लिए घातक है, इसलिए इनसे हमें बचकर रहना चाहिए। जागरूकता और आत्मनियंत्रण से नशा से बचा जा सकता है। संस्था के अन्य व्याख्याताओं ने भी नशा के नुकसान बताते हुए नशा से कोसों दूर रहने का विद्यार्थियों से आह्वान किया। उद्बोधन पश्चात चौधरी ने बच्चों को सामूहिक रूप से नशामुक्ति के लिए शपथ दिलाई। जिसमें विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि वे तंबाखू, शराब और अन्य किसी भी प्रकार के मादक पदार्थों से दूर रहेंगे एवं अपने परिवार और समाज को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम के दरमियान नंद कुमार चौधरी, रमेश प्रजापति, पुष्पा पटेल, महेश पटेल, गायत्री सिन्हा, अनिता नायक, अमिता शुक्ला, दया राम पटेल, कृष्ण कुमार ठाकुर, नरेश बरिहा, सुलोचना पटेल, गिरजा साहू, उमाशंकर नायक, पवन पटेल, प्रेमलता पटेल, धरम वीर यादव व नीता जगत सहित काफी संख्या में छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे।

# किसान हित में सारे समिति अध्यक्षों को इस्तीफा दे देना चाहिए : अंकित

## किसानों को बेचे धान का फिर से कटवाना होगा टोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने

- **यदि किसानों को टोकन कटा है तो धान भी खरीदा जाए ये जवाबदारी शासन की है**

कहा है कि इतिहास गवाह है कि जब जब छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आई है, किसान हमेशा परेशान हुआ है। पहले धान खरीदी 1 नवंबर से होती थी, अब हुई 15 से और आज 19 तारीख होने के बाद भी 180 से ज्यादा उपार्जन केंद्र जहां 150 से ज्यादा उपार्जन केंद्रों में सोमवार तक खरीदी शुरू नहीं हो पाएगी।

अंकित ने बताया कि भाजपा में कई किसान हितैषी स्वयंभू नेता नदारद हैं। उन्होनें प्राधिकृत अध्यक्षों से कहा है कि किसान हित में यदि खरीदी नहीं हो पा रही है, और विभिन्न अव्यवस्थाएं जिसमें आईडी जनरेट नहीं होना, बार दाने नहीं होना, कंप्यूटर ऑपरेटर नहीं होना, हमाल नहीं होना, मॉइश्चर मशीन नहीं होना, सुतली, सिलाई वाला नहीं होना जैसी मूलभूत समस्याएं हैं तो इसे प्रशासन को अवगत करवाए और यदि ईमानदारी से किसान हितैषी हैं और उनकी मदद नहीं कर पा रहे तो किसान हित में तत्काल इस्तीफा भी दे देना चाहिए। क्योंकि, किसान सभी प्राधिकृत अध्यक्षों की लाचारी वाले अभिनय को समझ रहे हैं, क्योंकि अगर आप अक्षम हो तो पद में रहने का कोई अधिकार नहीं है। अंकित ने बताया कि असल सच्चाई ये है कि जिन 25 से 30 सोसायटी में धान खरीदी हुई है, वहां आज दिनांक तक ऑनलाइन एंट्री नहीं हुई है याने किसान को भुगतान नहीं मिलेगा और जिस दिन एंट्री होगी उस दिन उस किसान का टोकन फिर से काटना पड़ेगा। याने आगे किसान भाइयों को और संघर्ष करना पड़ेगा।



अंकित ने कहा कि ये शासन प्रशासन की नैतिक जवाबदारी है कि अगर उसने टोकन काटा है तो धान खरीदा जाए, किसान का धान समिति में आकर वापस जा रहा है वो बिल्कुल अनुचित है और किसानों के साथ अन्याय है। साथ ही छोटे किसानों पर जबरन का अतिरिक्त आर्थिक बोझ साय सरकार लाद रही है। अगर ये व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो शीघ्र ही किसानों के साथ मिलकर धरना प्रदर्शन करने बाध्य होना पड़ेगा।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से एक घायल

**महासमुंद।** ग्राम बेलसोंडा तालाब के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक में सवार एक व्यक्ति घायल हो गया।

पुलिस को प्रार्थी दिनेश कुमार दुबे ने बताया उसके ससुर राजेंद्र प्रसाद शर्मा निवासी इमलीभाठा महासमुंद की ग्राम नांदगांव में किराना दुकान है, जिसका वह स्वयं संचालन करते हैं। 12 नवंबर को रोज की तरह दुकान बंद करके सामान खरीदने के लिये अपने वाहन टीवीएस मोपेड क्रमांक सीजी 06 जीजी 5941 से महासमुंद आ रहे थे, जो शाम करीबन 6.30 बजे के करीब नेशनल हाईवे 353 ग्राम बेलसोंडा तालाब तावरी पेट्रोल पंप के पास पहुंचने पर महासमुंद से रायपुर रोड की ओर जा रहे अज्ञात वाहन के चालक द्वारा अपने वाहन को तेजी गति एवं लापरवाही पूर्वक खतरनाक ढंग से चलाकर सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे उसके ससुर राजेंद्र प्रसाद शर्मा के कमर, दाहिना पैर के अंगूठे के पास चोट लगी है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध धारा 184 मोटर व्हीकल एक्ट, 125(), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।



### व्रत के साथ घरों में हो रही लक्ष्मी की पूजा अर्चना

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में मार्ग शीर्ष मास की शुरुआत कार्तिक पूर्णिमा के बाद से हुई हैं। अंचल में इसे अगहन बृस्पति के दिन से जाना जाता है। महिलाएं पांचों गुरुवार के पहले दिन से घर व आंगन सजाकर, विधिविधान से लक्ष्मी विष्णु की पूजा कर दीपदान कर रही हैं। मंदिरों और घरों में अक्षत, हल्दी, फूल से पूजा कर ,मार्गशीर्ष मास पर सभी पांच गुरुवार को लक्ष्मी और विष्णु की पूजा मंदिरों और घरों में की जा रही है। अगहन में लक्ष्मी जी पृथ्वी पर घर-घर विराजित हुईं थी। विवाहित महिलाएं बुधवार की शाम को घरों को साफ कर, चावल के लेप से रंगोली बना कर, मां लक्ष्मी के आगमन का इंतजार करती है। गुरुवार की सुबह ब्रम्ह मुहूर्त में सूर्य उदय से पहले आंवला फल, पंचमेवा, खीर पूड़ी का भोग लगती है। इसके बाद शाम को विसर्जन कर व्रत खोलती है और शाम को मोहल्ले में चना दाल, खीर पूड़ी का प्रसाद वितरित करती है। राम मंदिर आचार्य लक्ष्मीनारायण वैष्णव ने बताया कि धर्मशास्त्रों में मार्गशीर्ष के महीने का संबंध ज्योतिष के 27 नक्षत्रों में से एक मृगशिरा नक्षत्र से है इसमें भगवान श्री कृष्ण की पूजा उनके सभी स्वरूपों में की जाती है। इसमें घरों और मंदिरों में शंख की पूजा की जाती है। पौराणिक कथा के अनुसार शंख की उतपत्ति सागर मंथन से हुई है और शंख को देवी लक्ष्मी का भाई माना जाता है, इसकी पूजा करना सुख समृद्धि का प्रतीक है।

# किसानों को धान बेचने से वंचित करने तरह-तरह हथकंडे अपना रही सरकार : अमर

**महासमुंद।** जिला पंचायत सदस्य के प्रतिनिधि अमर अरूण चंद्राकर ने कहा कि धान खरीदी को बाधित करने के लिए सरकार द्वारा तरह-तरह की बाधाएं उत्पन्न किया जा रहा है। अमर ने बताया कि आज दिनांक बेलटुकरी व अछोली सहित जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 2 के अधिकांश सोसाइटियों में धान खरीदी शुरू नहीं हो पाई है। किसान सुबह से धान लेकर सोसायटी पहुँचे थे। लेकिन, उन्हें गेट के अंदर एंट्री तक नहीं दिया गया। सॉफ्टवेयर अपडेट नहीं हो पाने के कारण टोकन भी नहीं कटा था। आपरेटरों को बिना प्रशिक्षित किए ही सोसायटियों में बैठा दिया गया है। साथ ही नया नियम किसानों पर लाद दिया गया है जिसके तहत टोकन कटने पर एक कोड जारी होगा, जिसे स्केन करने के बाद एंट्री पास दिया जाएगा। ऐसे में किसान पूरी तरह हतोत्साहित हो जाएंगे। समितियों में बारदाने, रस्सी, सुतली की व्यवस्था भी नहीं कराई गई है। कुछ सोसायटियों में बारदाने हैं भी तो उन बारदानों की मार्किंग भी नहीं होने के कारण किसानों को उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं। अमर ने बताया कि पूर्ववर्ती भूपेश सरकार के समय 8 नए खरीदी केंद्र जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 2 में खोले गए थे। इनमें से किसी में अब तक खरीदी प्रारंभ नहीं हो पाई है। सरकार इस प्रकार की स्थिति उत्पन्न कर इन खरीदी केंद्रों को बंद करना चाहती है। अमर ने विज्ञप्ति में बताया कि उन्होंने बेलटुकरी व अछोली धान खरीदी केंद्र जाकर किसानों से चर्चा की। किसानों ने बताया कि धान लेकर खड़े हैं, लेकिन कोई जिम्मेदार कर्मचारी नहीं होने तथा रजिस्टर में उनका भी दर्ज नहीं किया गया है। 15 नवंबर को शुरू होने वाली धान खरीदी आज दिनांक तक शुरू नहीं हो पाई है। सोसायटी कर्मचारियों के हड़ताल के कारण अप्रशिक्षित व अनुभवहीन लोगों को काम पर लगाया गया है, जिससे सभी सोसायटियों की व्यवस्था चौपट हो गई है। यही हाल रहा तो किसान किसी भी हाल में अपना धान नहीं बेच पाएंगे। पूर्व के वर्षों में जिस सरकार के आधी-अधूरी तैयारी के कारण हजारों किसान धान बेचने से वंचित हुए थे, उसी प्रकार की स्थिति इस बार भी निर्मित होने वाली है। सरकार तरह-तरह के हथकंडे अपनाकर किसानों को परेशान धान बेचने से वंचित करने का षड़यंत्र रच रही है।



# सुरक्षित पारा सुरक्षित लइकामन फेस 3.0 के लिए 20 ग्राम पंचायतों का चयन

## चयनित ग्राम पंचायतो में रासेयो स्वयंसेवक बाल अधिकार पर लोगों को करेंगे जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

रासेयो जिला संगठक कार्यालय शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूनिसेफ छग के संयुक्त तत्वावधान में सुरक्षित पारा सुरक्षित लइकामन फेस 3.0 के अंतर्गत अग्रणी महाविद्यालय प्राचार्य करुणा दुबे के मार्गदर्शन में डॉ मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो ने बैठक आयोजित किया गया।

डॉ मालती तिवारी द्वारा महासमुंद ब्लॉक में विगत वर्षों में किए गए सुरक्षित पारा सुरक्षित लइकामन के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि इस सत्र में सुरक्षित पारा सुरक्षित लइकामन फेस 3.0 को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए महासमुंद ब्लॉक के 6 रासेयो महाविद्यालय इकाई द्वारा 20 ग्राम पंचायतों में बाल अधिकार, संरक्षण, शिक्षा पर जागरुकता अभियान 21, 22 एवं 24 नवंबर 2025 को चलाया जाएगा। इस अभियान में स्वयं सेवक नुक्कड़ नाटक, जनजागरुकता रैली, नारा लेखन के माध्यम से लोगों को एवं स्कूल व आंगनबाड़ी में जाकर बच्चों को जागरूक करेंगे। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अजय कुमार राजा एवं राजेश्वरी सोनी कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में भलेसर, कनेकेरा, मोंगरा, शेर में जागरूकता अभियान चलाएंगे। शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय के डॉ सरस्वती वर्मा कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में स्वयंसेवक ग्राम पंचायत मचेवा, भुरका, बरोंडा बाजार, लफ़निकला में जागरुकता कार्य करेंगे। शांत्रीबाई कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के गायत्री चंद्राकर कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में स्वयंसेवक ग्राम पंचायत खैरा, लभराखुर्द, कोसरंगी, झाल खम्हरिया में जागरूक करेंगे, इसी प्रकार श्याम बालाजी बीएड महाविद्यालय के निर्मल बंजारे कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में बेमचा, कौन्दकेरा, मुस्की, परसदा में जागरुकता कार्य करेंगे, इंडियन कॉलेज ऑफ एजुकेशन के चुम्मन लाल निषाद के नेतृत्व में ग्राम पंचायत बेलसोंडा, साराडीह, खरोरा एवं नांदगांव में बाल अधिकार पर जागरूकता कार्य करेंगे। इस प्रकार से कुल 20 ग्राम पंचायतों में स्वयंसेवकों द्वारा टीकाकरण, लैंगिक उत्पीड़न, पोषक आहार, स्वच्छता, नशामुक्ति, बाल अपराध, सामाजिक व्यवहार आदि विषयों पर नुक्कड़ नाटक, रैली, नारा लेखन से जागरूकता अभियान चलाएंगे। साथ ही स्कूल, आंगनबाड़ी सर्वे, सरपंच से सर्वे कर ग्राम पंचायत की जानकारी भी प्राप्त करेंगे। इस प्रकार से सभी उपस्थित कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार राजा, राजेश्वरी सोनी, डॉ सरस्वती वर्मा, निर्मल बंजारे, चम्पेश्वर साहू बैठक में उपस्थित रहे। सभी उपस्थित कार्यक्रम अधिकारी का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापन अजय कुमार राजा ने किया।



## खबर संक्षेप

### भीखापाली से बाइक पार

**महासमुंद।** बसना थाना अंतर्गत ग्राम भीखापाली में घर के सामने खड़ी बाइक अज्ञात ने पार कर दी। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज किया है। ग्राम भीखापाली निवासी विनय कुमार पटेल ने पुलिस को बताया कि 6 नवंबर की शाम वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 06 जी क्यू को घर के सामने बसना-बिलाईगढ़ मुख्य मार्ग में खड़ी की थी। हैंडल लॉक कर सो गया था। दूसरे दिन सुबह भाई मनोज कुमार पटेल ने देखा वहां बाइक नहीं थी।

### गाली देने से मना करने पर मारपीट

**महासमुंद।** गाली देने से मना करने पर एक युवक के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। सिटी कोतवाली महासमुंद पुलिस को प्रार्थी छगन सेन निवासी छगन सेन वार्ड नंबर 07 ने बताया कि 18 नवंबर को काम से आने के बाद रात्रि करीबन 10:40 बजे शिव चौक पर बैठा था। तभी नयापारा महासमुंद का समीर खान आया और गाली गलौज करने लगा, जिसे मना किया तब उसने करण रामटेके व अन्य को बुलाकर उसके साथ मारपीट कर किसी ठोस वस्तु से बांये पैर में मारकर चोट पहुंचाया। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### हार-जीत एक सिक्के के दो पहलू: तुषार

**महासमुंद।** ग्राम गुड़रूडीह में शहीद वीरनारायण सिंह ट्रॉफी कबड्डी प्रतियोगिता में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। आयोजन समिति के तत्वावधान में चंदन गुलाल लगाकर फूल माला गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। तुषार साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल में खिलाड़ी को खेल भावना का ध्यान रखना चाहिए तथा निर्णायक के निर्णय को न्यायाधीश का आदेश मानना चाहिए। खेल में हार-जीत होती रहती है। हार-जीत एक सिक्के के दो पहलू है। एक टीम हारती है तो दूसरी जीतती है। हारने वाली टीम को निराश नहीं होकर आगे जीत के लिए प्रयास करने चाहिए। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, वरिष्ठ नेता रमाकांत ध्रुव, वरिष्ठ नेता प्रीतम पटेल, वरिष्ठ नेता धनजी ध्रुव, युवा नेता नारायण पटेल, युवा नेता बिट्टू साहू, सुरेश, महेश, जितेश आदि मौजूद रहे।

### नशा नहीं करने देवरी स्कूल में छात्रों को दिलाई गई शपथ

**महासमुंद।** नशामुक्त भारत अभियान के पांचवीं वर्षगांठ पर विकासखण्ड बागबाहरा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी में प्राचार्य डोमन सिंह टंडन के मार्गदर्शन में समस्त छात्र-छात्राओं और आम नागरिक को जागरूक करने के लिए नशामुक्त भारत, नशा मुक्त देवरी कार्यक्रम का आयोजन कर नशा न करने के लिए शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर प्राचार्य डोमन सिंह टंडन ने बताया कि किसी भी प्रकार का नशा हमारे पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। नशा के दुष्परिणाम से परिवार तबाह हो जाता है। गृह क्लेश होते रहता है। नशा नाश की जड़ है, किसी भी प्रकार का नशा नहीं करना चाहिए। संचालन व्याख्याता परस राम सिन्हा ने किया। व्याख्याता नेशलाल धृतलहरे ने नशामुक्ति का संदेश दिया। इस दौरान व्याख्यातागण संजय बारसागढ़े, आनंद राम व्यौहार, बीएल टंडन, कुलेश्वर सिंह ठाकुर, रवि प्रकाश पात्रे, सहायक शिक्षक उदेश्याम यादव, देवानंद चंद्राकर, मौसमी चंद्राकर, भूमिका साहू, मिथलेश, हंसराज, मोहित कंचन सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### महाविद्यालय में दिलाई गई नशामुक्त की शपथ

**सरायपाली।** वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉक्टर संध्या भोई के निर्देशन में यूके बरिहा (कार्यक्रम अधिकारी-सामान्य ईकाई) एवं प्राची गुप्ता (कार्यक्रम अधिकारी-महिला इकाई) के मार्गदर्शन में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित नशामुक्त भारत अभियान के पांचवी वर्षगांठ पर महाविद्यालय में नशामुक्ति अभियान के तहत अधिकारी, कर्मचारी, स्वयंसेवक एवं छात्र-छात्राओं को प्राचार्य द्वारा शपथ दिलाई गई।

### जिले के 127367 किसानों के खाते में 25.47 करोड़ राशि की गई हस्तांतरित

# पीएम-किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पीएम-किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त का हस्तांतरण कार्यक्रम बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में स्थित कृषि विज्ञान केंद्र, भाटापारा में बुधवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त के राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एवं रबी फसलों पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के 9 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में कुल 18 हजार करोड़ रुपये से अधिक की सम्मान राशि का हस्तांतरण किया। केंद्र सरकार की इस ऐतिहासिक पहल के अंतर्गत बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के 127367 किसानों को कुल 25.47 करोड़ रुपये की सम्मान राशि सीधे उनके बैंक खातों में प्राप्त हुई।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के अन्नदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसान देश की समृद्धि की रीढ़ हैं। सरकार किसानों की आय बढ़ाने, खेती को आधुनिक तकनीक से जोड़ने और कृषि को लाभकारी बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। पीएम किसान सम्मान निधि केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि किसानों के परिश्रम का सम्मान है। सरकार छोटे से छोटे किसान को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आगे कहा कि प्राकृतिक खेती, ड्रोन तकनीक, मिलेट्स, एफपीओ, जल संरक्षण एवं डिजिटल कृषि की दिशा में सरकार तेजी से काम कर रही है, जिससे किसानों का खर्च कम हो और उत्पादन तथा आय दोनों में वृद्धि हो।



डॉ. पीडी वर्मा ने रबी फसलों हेतु सीड ड्रिल, जीरो टिल सीडर, मल्चर, लेजर लेवलर, पावर वीडर, स्प्रेयर, ड्रोन स्प्रे तकनीक आदि यंत्रों के उपयोग एवं उनके लाभों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि कृषि यंत्रीकरण से फसल लागत लगभग 20-30 प्रतिशत कम होती है और समय की बचत भी होती है। उन्होंने किसानों को कृषि यंत्रों पर मिलने वाली अनुदान योजनाओं की भी जानकारी दी। डॉ. स्वाति मिर्झा ने गेहूं, चना, मसूर तथा सरसों की उन्नत किस्में, बीज उपचार, कतार बुवाई, सिंचाई प्रबंधन, पॉलीथिन मल्चिंग, अंतः फसली खेती, माइक्रो-न्यूट्रिएंट स्प्रे, तथा कीट रोग रोकथाम उपायों पर व्यावहारिक मार्गदर्शन दिया। उन्होंने जल संरक्षण तकनीकों, ड्रिप/स्प्रिंकलर सिंचाई के लाभ तथा फसल विविधीकरण पर भी बल दिया।

डॉ. दीपमाला लकरा ने चना में हेलिकोवर्पा, सरसों में माहू, गेहूं में दीमक, जूँ एवं फफूंद जनित रोगों के समेकित प्रबंधन (आईपीएम) की जानकारी दी। उन्होंने पीला चिपचिपा ट्रैप, ट्राइकोग्रामा, एनपीवी, बायो पेस्टीसाइड, फंगीसायड्स के सही उपयोग एवं मात्रा पर किसानों को प्रशिक्षित किया।

## प्राथमिक स्कूल में अहाता निर्माण और समतलीकरण का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भवानीपुर

विकासखण्ड पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत चरौदा के नवीन प्राथमिक शाला में जनपद पंचायत पलारी के सभापति नीलिमा चरण दास ने प्राथमिक स्कूल में अहाता निर्माण और समतलीकरण का भूमिपूजन किया।

सभापति ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा वर्षों से इस कार्य की मांग की जा रही थी बच्चों एवं शाला विकास समिति के सदस्यों द्वारा भी इस विषय में अवगत कराया गया था कि मैदान निचली हिस्से में होने के कारण हमेशा कीचड़युक्त रहता है, बरसात के समय में हमेशा पानी भर जाता है, जिसमें बच्चों को आने जाने एवं खेलकूद के लिए मैदान की कमी एवं स्कूल की सुरक्षा के लिए आहाता निर्माण की अति आवश्यकता थी, जिसे प्रमुख रूप से ध्यान में रखते हुए इस मांग को रखा गया जिसे शासन द्वारा तत्काल प्रभाव में लेते हुए 15 लाख आहाता निर्माण एवं समतलीकरण हेतु राशि प्रदान कर स्कूल एवं गांव को विकास की एक नई पहचान प्रदान की गई। इस मौके पर जनपद प्रतिनिधि चरण दास कोशले, सरपंच लाकेश्वरी लोकनाथ जायसवाल, उपरपंच मिथिलेश जायसवाल, ग्राम प्रमुख बृजलाल, थानू साहू, विजय ध्रुव, सचिव मनी राम यादव, सुंदर जयसवाल एवं समस्त शिक्षक पंचगण एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय जम्बूरी में जिले के 20 स्काउट-गाइड होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

■ भारत स्काउट गाइड के पदाधिकारियों ने किया रवाना

उत्तरप्रदेश के लखनऊ में 23 से 29 नवम्बर तक आयोजित होने वाले डायमंड जुबली एवं 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी में जिले के 20 स्काउट-गाइड एवं प्रभारी हिस्सा लेंगे। राष्ट्रीय जम्बूरी से पहले प्रतिभागियों का पूर्वाभ्यास 18 से 20 नवम्बर तक राज्य प्रशिक्षण केन्द्र, झांकी अभनपुर रायपुर में आयोजित किया गया है।



भारत स्काउट गाइड के पदाधिकारियों ने मंगलवार सुबह जिले से चयनित दल को शुभकामनाओं के साथ रवाना किया। जिला शिक्षा अधिकारी तथा पदेन जिला आयुक्त स्काउट डॉ. संजय गुहे के निर्देशन में बलौदाबाजार-भाटापारा जिले की विभिन्न शालाओं से कुल 20 सदस्यीय दल तैयार किया गया है, जिसमें 11 स्काउट रोवर, 7 गाइड रेंजर तथा 2 जिला प्रभारी शामिल हैं। दल का नेतृत्व जिला संगठन आयुक्त गाइड सुश्री नेहा उपाध्याय एवं ईश्वर प्रसाद साहू द्वारा किया जा रहा है।

प्रतिभागी राष्ट्रीय जम्बूरी में लोकगीत लोकनृत्य, फिजिकल डिस्प्ले, फूड प्लाज़ा, साइक्लोरमा, मार्चपास्ट, झांकी, प्रदर्शनीय रंगोली, फैंसी ड्रेस सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

इस अवसर पर जिला मुख्य आयुक्त डॉ. अजय राव ने दल को शुभकामनाएं दीं तथा राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिला एवं छत्तीसगढ़ महतारी का नाम रोशन करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में कार्यवाहक अध्यक्ष रामाधार पटेल, जिला कोषाध्यक्ष पीयूष मिश्रा, जिला आयुक्त गाइड वंदना तिवारी, वरिष्ठ लीडर ट्रेनर स्काउटर खोडस राम कश्यप, जिला संगठन आयुक्त सूरज कसार सहित स्थानीय संघ बलौदाबाजार-भाटापारा के पदाधिकारी उपस्थित रहे एवं प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का हाईस्कूल के छात्रों ने किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को हाई स्कूल पुरगांव के छात्र-छात्राओं का शैक्षणिक स्वास्थ्य विजिट किया गया। इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशी कुमार जायसवाल के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को अस्पताल में मरीजों के उपचार की प्रक्रिया, विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली तथा स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन के बारे में जानकारी दी गई।

विजिट के दौरान छात्रों ने लैब, ओपीडी, औषधि वितरण कक्ष, टीकाकरण कक्ष एवं अन्य महत्वपूर्ण विभागों का अवलोकन किया।



चिकित्सा अधिकारियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा बच्चों के प्रश्नों का समाधान करते हुए स्वास्थ्य प्रणाली की कार्यवाही को समझाया गया।

इस कार्यक्रम के सफल संचालन में स्कूल शिक्षा विभाग की शिक्षिका धनेश्वरी चंद्र सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ के सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा। सभी ने मिलकर छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वास्थ्य सेवाओं की कार्यशैली से अवगत कराना एवं उनके भीतर स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देना था।

## बैंक कर्मचारी पर एक लाख के गबन का आरोप

**सेल।** जय मां वैष्णो देवी स्व-सहायता समूह भंवरीद की अध्यक्ष शांति और सचिव ननकाबाई ने बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा कसडोल के एक दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी पर समूह की बचत राशि एक लाख रुपये गबन करने का आरोप लगाया है।

शिकायत में कहा गया है कि समूह की ओर से यह राशि बैंक में जमा कराने हेतु संबंधित कर्मचारी को सौंपी गई थी, लेकिन कर्मचारी ने रकम खाते में जमा न कर केवल फर्जी जमा रसीद (स्लिप) प्रदान कर जमा होने का भरोसा दिला दिया। बाद में खाता प्रिंट कराने पर यह खुलासा हुआ कि राशि जमा ही नहीं की गई थी। घटना सामने आने के बाद समूह द्वारा जनपद पंचायत कसडोल में लिखित शिकायत प्रस्तुत की गई। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी कमलेश साहू ने बताया कि दो दिनों के भीतर जांच अधिकारी नियुक्त कर संपूर्ण प्रकरण की जांच कराई जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध धारा 420 एवं धोखाधड़ी के तहत एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।




वहीं बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा प्रबंधक का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला गंभीर प्रतीत हो रहा है। बैंक की आंतरिक जांच के दौरान आरोप सिद्ध होने पर दोषी कर्मचारी के खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। अध्यक्ष शांति एवं सचिव ननकाबाई ने कहा कि यह गरीब महिलाओं की मेहनत की गाढ़ी कमाई है। ऐसी हरकत अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई और जल्द न्याय की मांग की है।

## जिला कांग्रेस ने मनाई इंदिरा गांधी की जयंती

**बलौदाबाजार।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती जिला कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई।



कार्यक्रम में सुरेंद्र शर्मा पूर्व अध्यक्ष कृषक कल्याण बोर्ड, राकेश वर्मा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विक्रम पटेल पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजा तिवारी आर्यन शुक्ला जनपद सदस्य, लखेश साहू, सुखदेव साहू, प्रवीण सेन, जित्तू नवरत्न, यशवंत वर्मा, अजय भारती, सूर्यकांत वर्मा, जय नायक, जय ठाकुर ने इंदिरा गांधी जी के संघर्षपूर्ण एवं राष्ट्र निर्माण वाले योगदानों को याद किया। उनके द्वारा किए गए कार्यों गरीबी हटाओ अभियान, हरित क्रांति, देश की सुरक्षा एवं विकास को विशेष रूप से स्मरण किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि इंदिरा गांधी जी की विचारधारा आज भी देश के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज और देश के विकास का संकल्प लिया गया।

## जल संचयन के लिए समूह की महिलाएं सम्मानित

**बलौदाबाजार।** जिले को जल जल संचय जनभागीदारी राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त होने पर कलेक्टर दीपक सोनी ने बुधवार को जल संचयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले समूह की महिलाओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर नई दिल्ली से प्राप्त प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इसके साथ ही राज्य अलंकरण से सम्मानित अग्रणी कृषक वामन टिकरिहा को भी सम्मानित किया गया।

उल्लेखनीय है कि नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन के प्लेनरी हॉल में मंगलवार को आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की उपस्थिति मे केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने जल संचय में उत्कृष्ट कार्य के लिए जिले को जल संचय जनभागीदारी पुरस्कार 1.0 से सम्मानित किया। पूर्वी क्षेत्र अंतर्गत कैटेगरी 2 के तहत द्वितीय रैंक हासिल होने पर जिला बलौदाबाजार भाटापारा को यह पुरस्कार प्राप्त हुआ है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर. पाटिल के हाथों कलेक्टर दीपक सोनी ने प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया। पलारी विकासखंड के अग्रणी कृषक वामन टिकरिहा को डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया है।





### आसपास गांवों के स्कूली बच्चों को भी उठानी पड़ रही परेशानी

# भवानीपुर-रीवाडीह पहुंच मार्ग की हालत खस्ता, ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भवानीपुर

विकासखंड पलारी के ग्राम भवानीपुर से रीवाडीह तक जाने वाला करीब 5 किमी लंबा सीसी रोड अब गड्ढों में तब्दील हो चुका है। इस जर्जर सड़क के कारण चार गांवों की करीब 10 हजार की आबादी प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि इसके लिए स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों द्वारा कई बार शासन प्रशासन से गुहार लगाने के बावजूद भी इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

गर्भवती महिलाओं को भी इस मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि गांव में अगर कोई व्यक्ति कि अचानक तबीयत खराब हो जाती है, तो गांव तक गाड़ी आना भी मुश्किल हो जाता है। हमें मोटरसाइकिल अथवा अन्य साधनों से भवानीपुर तक मरीज को ले जाना पड़ता है, जिसके अनहोनी होने का डर हमेशा लगा रहता है। गर्भवती महिलाओं के लिए गांव तक 102 एवं 108 एंबुलेंस वहां तक नहीं पहुंच पाती। रोड इतनी खराब है कि मोटरसाइकिल तक चलना मुश्किल हो जाता है। स्कूली बच्चों को भी इस परेशानियों का सामना करना पड़ता है, उन्हें भी इसी रास्ते से होकर के पढ़ाई करने के लिए दूसरे गांव जाना होता है और हल्की बारिश से ही जगह-जगह पानी भराव हो जाता है और उन्हें पैदल स्कूल जाना पड़ जाता है, जिसके चलते कभी-कभी वह स्कूल भी समय पर नहीं पहुंच पाए और पहुंचते भी है तो यूनिफॉर्म कीचड़ युक्त रहता है, जिसके चलते कभी-कभी हमें स्कूल से भी घर जाना पड़ जाता है। रोड के कारण ही हमारे स्कूल की पढ़ाई में बहुत ज्यादा प्रभाव पड़ रहा है।






**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क्र/ वाचक/अति-कले/2025
बिलासपुर, दिनांक 24/10/2025

श्री राकेश आत्मज श्री साखुराम उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम जोंधरा, थाना व तहसील पचपेड़ी जिला बिलासपुर छ.ग. एवं कुमारी कुमारी सोनिया आत्मजा श्री चुरूराम उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम पैसर थाना व तहसील कसडोल जिला बलौदा बाजार छ.ग.

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनाँक 04/12/2025 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।


राकेश


कुमारी सोनिया

**अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
14 नवम्बर 2025
SHOW TIME
एम.ए प्रीवियस सीजी
शो समय - 12:00, 6:00 PM
माटी सीजी
शो समय - 03:00 PM
दे दे प्यार दे 2
शो समय - 12:00,3:00, 6:00, 9:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप

### अंचल में बढ़ी ठंड, अलाव बना सहारा



**अर्जुनी।** क्षेत्र में मौसम खुलने से सुबह शीतलहर बढ़ने के कारण कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ग्रामीण क्षेत्र में फसल की कटाई का काम तेजी से चल रहा है, सुबह-सुबह ठंड से बचने के लिए लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं। सुबह से ही प्रतिदिन काम में जाने वाले लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं, ग्राम टोनाटार में भी सरपंच विष्णु कोसले, कुलदीप वर्मा, अजय रजक, मोहन वर्मा, हेम कुमार रजक, रामकुमार जायसवाल, जामवंत वर्मा, मेघनाथ ध्रुव, यूके जायसवाल, सहदेव रजक द्वारा ठंड से बचने के लिए प्रतिदिन अलाव का सहारा ले रहे हैं।

### छात्रों ने करायी दांत की जांच




**खरोरा।** पीएमश्री भरत देवांगन इंग्लिश मीडियम स्कूल में निःशुल्क दंत शिविर का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा पहली से 12वीं तक के बच्चों के दांतों का परीक्षण कर के सही तरीके से सफाई और इलाज हेतु मार्गदर्शन दिया गया। पलक डेंटल केयर द्वारा आयोजित इस शिविर में डॉ. सुनीता यादव और डॉ. आर के यादव ने बच्चों को स्वस्थ दांतों के लिए सही देखभाल की सलाह दी। दिन में 2 बार ब्रश करना, सर्कुलर मोशन में ब्रश करना और मीठा खाने के बाद साफ पानी से कुल्ला करना, दांतों को स्वस्थ रखता है। प्रिंसिपल रजनी मिंज ने शिविर का संचालन के लिए डॉ. सुनीता का आभार व्यक्त किया।

### स्वास्थ्य शिविर में कई बीमारियों की हुई जांच

**भाटापारा।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं उप स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा द्वारा ग्राम पंचायत टेहका में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जहां लोगों को बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन सिकलिंग जांच, टीवी स्क्रीनिंग, आई स्मार्ट कार्ड 70 प्लस वय वंदना कार्ड बनाना एवं विभिन्न प्रकार के गंभीर बीमारी के बारे में जानकारी प्रदान की। वहीं मरीजों को जांच के बाद निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। स्वस्थ शिविर में लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर में प्रेमलता समुद्र, सायरा बेगम, कोशल पटेल, मितानिन जमुना बाई साहू, सीताबाई साहू, सावित्री पाटे एवं मीडिया प्रभारी नंदकुमार साहू उपस्थित थे।

### झलप में पिता से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम झलप में पिता के साथ मारपीट करने के आरोप में बेटे के खिलाफ पटेवा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पटेवा पुलिस को प्रार्थी राम कुमार देवांगन ने बताया कि 13 नवंबर की रात्रि करीबन 07.30 बजे व अपने घर में था, उसी समय उसका बेटे बेटे ने गाली गलौच कर डंडे से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

### निधन

### कृपाराम वर्मा



**रवान।** ग्राम रवान मगरवाय निवासी जनसंघ के नेता कृपाराम वर्मा का 17 नवम्बर को निधन हो गया।उनकी अंत्येष्टि ग्राम रवान में की गई। वे खेमूराम, रामलाल, श्यामलाल, सुन्दरलाल के पिता तथा भाजपा मण्डल अध्यक्ष रविशंकर वर्मा के दादा थे।

**बैठक : अवैध धान भण्डारण एवं परिवहन पर कड़ी निगरानी रखे निर्देश**

# सभी उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की शुरुआत जल्द कराएं अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी ने बुधवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने 15 नवंबर से शुरू हुए समर्थन मूल्य में धान खरीदी की समीक्षा करते हुए जिन उपार्जन केंद्रों में अब तक खरीदी शुरू नहीं हुई है, वहां भी सुव्यवस्थित धान खरीदी जल्द प्रारम्भ करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कहा कि अवैध धान भण्डारण एवं परिवहन पर कड़ी नजर रखें। व्यापारियों द्वारा धान पलटी का कोई प्रकरण नहीं बनना चाहिए। खरीदी केंद्रों में एक भी दाना अवैध धान न आये। शिकायत मिलने पर संबंधित समिति प्रबंधक एवं मंडी सचिव पर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार केवल वास्तविक किसानों का ही धान खरीदी होगी। किसान पोर्टल मे पंजीयन के लिये छूटे हुए किसानों का 25 नवम्बर तक पंजीयन कराने कहा। कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्रवार लगाए गए नोडल अधिकारियों को






मुस्तैदी से जांच करने तथा प्रत्येक शनिवार को केन्द्र में उपस्थित होकर धान खरीदी की व्यवस्था, बरदानों की उपलब्धता, स्टैंकिंग, कैप सहित चेक लिस्ट के अनुसार पूरी जांच करने और रिपोर्ट देने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करते हुए एक साल, दो साल और 5 साल तक लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिये। तहसील और एसडीएम को नियमित कोर्ट लेने कहा। उन्होंने जेम पोर्टल पर शासकीय खरीदी मे सतर्कता बरतने जिला समिति के अनुमोदन पश्चात ही टेंडर की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिये।इसके साथ ही लोक सेवा गारंटी, सीपीग्राम्स, मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन शिकायत शाखा से सम्बधित लंबित आवेदनों के त्वरित निराकरण के भी निर्देश दिये। बैठक मे अपर कलेक्टर दीप्ति गौते, अवध राम टंडन, निशा नेताम मड़ावी सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# पालिका में होगा विकास कार्य नपा अध्यक्ष ने किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज : भाटापारा

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के नेतृत्व में शहर के विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। नगरवासियों की मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इन निर्माण कार्यों से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि वार्डों के समग्र विकास को भी नई दिशा प्राप्त होगी।

श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड में मेन रोड तक 14.72 लाख की लागत से निर्मित होने वाले सीसी रोड निर्माण,

रामसागर वार्ड में हनुमान मंदिर तक सीसी रोड निर्माण, संत कंवरराम वार्ड में 5 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भी विधिवत भूमि पूजन, शंकर वार्ड में जाबिर हुसेन के घर से राजेन्द्र ठाकुर के घर तक 2.72 लाख से सीसी सड़क निर्माण कार्य शामिल हैं। नगर पालिका अध्यक्षअश्वनी शर्मा ने कहा कि भाटापारा शहर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण हमारा सर्वोच्च लक्ष्य है। इन निर्माण कार्यों के माध्यम से हम नागरिकों को बेहतर, सुरक्षित और आधुनिक शहरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया, पूर्व जिला महामंत्री राकेश तिवारी सभापति गोविंद पटेल, मनीष मिश्रा, कुंजराम कोशले, सतीश तलरेजा, पार्षद नंदु वैष्णव, श्रेणिक गोलछा, सतीश साहू, गेन्दू साहू, देवेंद्र साहू, बंटी टंडन, चंद्रकांत खूंटे, नरेंद्र यदु, ब्यास यदु, बोहरा जी, संतोष अग्रवाल, लड्डू सोनी, नीरज जायसवाल आदि मौजूद थे।

# नशे के विरुद्ध ऑनलाइन और ऑफलाइन ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

समाज कल्याण विभाग द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान की 5वीं वर्षगांठ पर जिला पंचायत सभाकक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन उपस्थित थे। गुरुनानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर, पंजाब में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण को देखा गया।

- समाज कल्याण विभाग ने नशा मुक्त भारत अभियान की 5वीं वर्षगांठ पर कार्यक्रम का आयोजन किया






कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा शपथ दिलाई गई तथा उनके द्वारा स्वयं क्यू आर कोड के माध्यम से ऑनलाइन शपथ भी ली गई। कार्यक्रम में सम्मिलित सभी द्वारा नशे के विरुद्ध ऑनलाइन और ऑफलाइन शपथ ली गई। साथ ही साथ जिले के विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं समस्त कार्यालयों में शपथ ली गई। इस अवसर पर जिले में आयोजित सांसद खेल महोत्सव में भी आये सभी प्रतिभागियों ने नशामुक्ति की शपथ ली। इसके साथ ही पेंशनर हितग्राहियों का डीएलसी पंजीकरण सत्यापन भी किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल एवं समाज कल्याण विभाग उपसंचालक सिनीवाली गोयल एवं विभागीय कर्मचारी उपस्थित थे।

# कॉलेज में नई दिशा अभियान और हम होंगे कामयाब कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

स्वामी विवेकानन्द महाविद्यालय में नई दिशा अभियान एवं हम होंगे कामयाब कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि साइबर सिक्यॉरिटी एवं साइबर रिस्क एक्सपर्ट हेमन्त वर्मा के द्वारा युवाओं को साइबर जागरूकता एवं धोखाधड़ी से संबंधित जानकारी, परामर्श तथा बचाव के उपायों के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

समाज कल्याण विभाग द्वारा नई दिशा अभियान के अंतर्गत नशा मुक्त भारत अभियान में नशे के





दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई एवं नशामुक्ति शपथ ली गई। तथा सभी ने नशामुक्त भारत अभियान के क्यू आर कोड के माध्यम से ऑनलाइन शपथ लेकर सर्टिफिकेट प्राप्त किया। हम होंगे कामयाब कार्यक्रम के अंतर्गत कैरियर मार्गदर्शन कौशल विकास तथा रोजगार से संबंधित जानकारी दी गई। जिला स्वास्थ्य विभाग की ओर से मानसिक स्वास्थ्य के विषय में जानकारी प्रदान की गई। तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से महिला सशक्तिकरण के जुड़े विभिन्न योजना के बारे में बताया गया।

# सरपंच संघ ने की 15वें और 16वें वित्त राशि की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घोटिया

क्षेत्र की पंचायतों को लंबे समय से 15वें एवं 16वें वित्त आयोग की राशि नहीं मिलने के विरोध में सरपंच संघ पलारी ने मंगलवार को कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र राशि जारी करने की मांग की। ज्ञापन सौंपने पहुंचे सरपंचों ने बताया कि आठ माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद पंचायतों में एक भी रुपया नहीं आया है, जिससे ग्राम स्तर पर विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़े हुए हैं। इस अवसर पर सरपंच संघ पलारी के अध्यक्ष सुखदानी घृतलहरे, उपाध्यक्ष अंकिता संदीप वर्मा, उपाध्यक्ष हेतराम कुर्रे, कोषाध्यक्ष खिलेश्वर घृतलहरे एवं सचिव रामायण धीवर उपस्थित रहे। सभी ने बताया कि पंचायतों के पास न तो स्वच्छता, पेयजल, सड़क मरम्मत, लाइट व्यवस्था जैसे दैनिक कार्यों के लिए राशि है और न ही किसी प्रकार का नया विकास कार्य कराया जा सकता है। गाड़ाभाठा के सरपंच नीलकंठ यादव ने बताया कि बिना वित्तीय सहायता के पंचायत संचालन अत्यंत कठिन हो गया है। गांवों में मूलभूत सेवाएं प्रभावित हो रही हैं और ग्रामीण लगातार शिकायत कर रहे हैं, परंतु पंचायतें आर्थिक तंगी के कारण असहाय बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र ही राशि जारी नहीं की गई, तो पलारी ब्लॉक के सभी सरपंच सामूहिक निर्णय लेकर पंचायतों में तालाबंदी कर सामूहिक इस्तीफा देने के लिए बाध्य होंगे। सरपंच संघ ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पंचायतों की वर्तमान आर्थिक स्थिति को देखते हुए अविलंब 15वें एवं 16वें वित्त की लंबित राशि जारी की जाए, ताकि गांवों में रुके हुए विकास कार्य पुनः प्रारंभ हो सकें और पंचायतें सुचारू रूप से संचालित हो सकें।



# पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर का विनिर्माण करते पाया गया फर्म, नोटिस जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नियंत्रक खाद्य एवं औषधि विभाग दुकानों में खाद्य सामग्रियों की चेकिंग में जुटा है। इसी कड़ी में अनियमितता पर महानदी जल पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर के संचालक को नोटिस जारी किया गया है।

जानकारी के अनुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारी कंचन वर्मा के नेतृत्व में खाद्य एवं औषधि प्रशासन के टीम द्वारा ग्राम मटिया तेन्दुमाठा जनपद पंचायत कसडोल स्थित वाटर प्लांट का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जहां महानदी जल के नाम से पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर का विनिर्माण करते पाया गया। फर्म में विनिर्माण कर विक्रय हेतु रखे महानदी जल पैकेज्ड ड्रिंकींग वाटर के पाउचों में निर्माण तिथि, अवसान तिथि बैच नम्बर आदि आवश्यक जानकारियों का उल्लेख नहीं पाया गया, जो कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में निहित प्रावधानों का उल्लंघन है, जो कि मिथ्याछाप प्रकरण है। फर्म के प्रभारी संचालक गजपाल साहू पैकेट में नियमानुसार जानकारियां नहीं छापने, परिसर में साफ-सफाई का अभाव, कर्मचारियों का फिटनेस सर्टिफिकेट नहीं पाये जाने एवं प्रयोगशाला से संबंधित आवश्यक दस्तावेज मौके पर प्रस्तुत नहीं कर पाने के कारण नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। फर्म में विनिर्मित महानदी जल का नमूना लेकर जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला कालीबाड़ी रायपुर छ.ग. भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

# सप्तशक्ति संगम में 75 मातृ शक्तियों ने हिस्सा लिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

विद्या भारती सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ प्रांत द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर के पोषक ग्राम बुडेरा में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि सुलोचना साहू, अध्यक्ष हेमलता साहू, मुख्य वक्ता कंचन वर्मा एवं सीमा पंसारी रही। सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम के मुख्य विषय कुटुंब प्रबोधन एवं पर्यावरण पर प्रकाश डालते हुए वक्ता कंचन वर्मा ने परिवार के महत्व एवं संस्कृति के महत्व को बताते हुए नारीके सात गुणों श्री, वॉक, स्मृति, मेधा, धृति और क्षमा को कुटुंब परिवार को आधार स्तंभ बताया। उन्होंने सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य, कुटुंब प्रबोधन को राष्ट्र निर्माण में सहायक बताया। इस कार्यक्रम की वक्ता सीमा पंसारी ने भारत के विकास में महिलाओं के योगदान पर प्रकाश डाला एवं नारी शक्ति से अपनी शक्ति को जागृत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में गीत, स्वागत नृत्य, वेशभूषा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन पूर्णिमा पाटकर द्वारा किया गया,जहां 75 मातृ शक्तियों ने भाग लिया एवं सहयोग प्रदान किया।

**साफ-सफाई और अन्य कमजोर गतिविधियों पर प्रधानपाठ को नोटिस जारी**

# शैक्षणिक गुणवत्ता आंकलन में दतरेंगी स्कूल में पढ़ाई मिली कमजोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा बलौदा बाजार के अधिकारियों द्वारा भाटापारा विकासखंड के चयनित स्कूलों का निरीक्षण किया गया, जिसमें शैक्षणिक गुणवत्ता का आंकलन करना और संस्था प्रमुखों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करना था। निरीक्षण दल में जिला परियोजना कार्यालय से जिला परियोजना अधिकारी नरेंद्र कुमार वर्मा, सहायक परियोजना अधिकारी खिलावन वर्मा और जाहिर अब्बास शामिल थे। उनके साथ विकासखंड से विकास खंड स्त्रोत समन्वयक दुर्गेश शर्मा भी मौजूद थे। निरीक्षण किये गये शालाओं का गहन निरीक्षण किया शासकीय प्राथमिक शाला दतरेंगी, शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला जरहागांव, शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला कडार, शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला देवरी शामिल हैं। स्कूलों में चल रहे बुनियादी ढांचे के उन्नयन और शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा की गई।




प्राथमिक शाला दतरेंगी के प्रधान पाठक देवदत्त धुरंधर को शाला में छात्र-छात्राओं के अध्ययन स्तर कमजोर पाये जाने एवं पाठयक्रम टाइम टेबल अनुसार पूर्ण न होने तथा साफ सफाई का अभाव होने के कारण, कारण बताओ नोटिस जारी किया। अधिकारियों ने बच्चों के बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान के स्तर को बढ़ाने के लिए किए जा रहे नवाचारी प्रयासों की सराहना की। शाला सुधार हेतु आवश्यक निर्देशनिरीक्षण के दौरान, शालाओं की शैक्षणिक गुणवत्ता, भौतिक सुविधाओं और प्रशासनिक प्रबंधन को और बेहतर बनाने हेतु संस्था प्रमुखों को आवश्यक निर्देश दिए गये शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार एफएलएन पर विशेष ध्यान बच्चों में बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान के लक्ष्य को सुनिश्चित करने के लिए विशेष कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वयन किया जाए। शिक्षण अधिगम सामग्री (टीएलएम) का उपयोग टीएलएम का नियमित और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाए, ताकि शिक्षण प्रक्रिया रोचक और ज्ञानवर्धक बन सके। भौतिक एवं ढाँचागत सुविधाएं का क्रियान्वयन के तहत प्राप्त राशि का उपयोग कर शालाओं में आधुनिक बुनियादी ढांचा समय सीमा में विकसित किया जाए। स्वच्छता और वातावरण शाला परिसर एवं शौचालयों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि बच्चों को एक स्वच्छ एवं सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण मिल सके। सामुदायिक सहभागिता पालकों से संवाद शाला प्रबंधन समिति एसएमसी और पालकों के साथ नियमित बैठकें आयोजित की जाएं, ताकि बच्चों की उपस्थिति और सीखने की प्रक्रिया में पालकों की भागीदारी सुनिश्चित हो सके। जिला परियोजना अधिकारी नरेंद्र कुमार वर्मा ने सभी संस्था प्रमुखों को निर्देशित किया कि वे इन निर्देशों का तत्परता से पालन करें और भाटापारा विकासखंड को राज्य में एक मॉडल शैक्षिक क्षेत्र बनाने की दिशा में प्रयास करें।

